**प्रेस नोट पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद दिनांक 21.10.2025**

## थाना लोनी बॉर्डर पुलिस द्वारा चोरी की घटना कारित करने वाले 04 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से चोरी की 01 मोटरसाइकिल तथा 02 अन्य मोटरसाइकिल के कटे हुए पुर्जे व पार्ट्स बरामद।

दिनांक 19.10.2025 को वादी द्वारा थाना लोनी बॉर्डर पर एक तहरीर दी कि अभियुक्त गौरव व कल्लू द्वारा वादी की मोटरसाइकिल स्पेलन्डर को घर के सामने से चोरी कर ले जाना। प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना लोनी बॉर्डर पर सुसंगत धारा 303(2) बीएनएस में अभियोग पंजीकृत किया गया तथा गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम का गठन किया गया।

आज दिनांक 21.10.2025 को थाना लोनी बॉर्डर पुलिस टीम द्वारा चैकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना के आधार पर चोरी की घटना कारित करने वाले 04 अभियुक्तों 1. गौरव पुत्र लाल सिंह निवासी किराये का मकान मौहल्ला राजीव गार्डन गली न0 03 संगम विहार थाना लोनी बॉर्डर गाजियाबाद उम्र करीब 22 वर्ष 2. कल्लू उर्फ प्रदीप पुत्र रामकुमार निवासी राजीव गार्डन गली नं0 3 संगम विहार थाना लोनी बॉर्डर गाजियाबाद उम्र करीब 23 वर्ष 3. सुरजीत उर्फ लम्बू पुत्र दलवीर सिंह निवासी मौहल्ला रंजीत नगर नियर महादेव बाबा का कुंआ अलवर थाना एनईवी अलवर जिला अलवर हाल पता पाइपलाइन चौक कुम्हार कालोनी गोविंद टाउन थाना लोनी बॉर्डर गाजियाबाद उम्र करीब 40 वर्ष 4.विनय कुमार पुत्र श्रवण कुमार निवासी पाइपलाइन चौक कुम्हार कालोनी गोविंद टाउन थाना लोनी बॉर्डर गाजियाबाद उम्र करीब 34 वर्ष को थाना क्षेत्र लोनी बॉर्डर से गिरफ्तार किया गया जिनके कब्जे से चोरी की 01 मोटरसाइकिल व 02 मोटरसाइकिल के कटे हुए पुर्जे व पार्ट्स बरामद हुये। उक्त बरामदगी के संबंध में थाना लोनी बॉर्डर पर धारा 317(2)/317(5) बीएनएस के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया तथा पूर्व से पंजीकृत अभियोग में धारा 317(2) बीएनएस की वृद्धि की गई। अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

### पूछताछ का विवरण-

अभियुक्तगण ने पूछताछ के दौरान बताया कि यह मोटरसाइकिल कल्लू ने 02 दिन पहले अपने साथी गौरव के साथ मिलकर चोरी की थी। हम मिस्त्री का काम करते हैं। हम लोग मोटरसाइकिल चोरी करके उनके पार्ट्स को बेच देते हैं। कुछ दिन पहले हमने एक मोटरसाइकिल दिल्ली से चोरी की थी। आज हम इस मोटरसाइकिल को काटकर पार्ट्स बनाने के लिये ले जा रहे थे कि पुलिस चैकिंग में पकडे गये।

### गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम व पता -

1. गौरव पुत्र लाल सिंह निवासी किराये का मकान मौहल्ला राजीव गार्डन गली न0 03 संगम विहार थाना लोनी बॉर्डर गाजियाबाद, उम्र करीब 22 वर्ष।
2. कल्लू उर्फ प्रदीप पुत्र रामकुमार निवासी राजीव गार्डन गली नं0 3 संगम विहार थाना लोनी बॉर्डर गाजियाबाद उम्र करीब 23 वर्ष।

3. सुरजीत उर्फ लम्बू पुत्र दलवीर सिंह निवासी मौहल्ला रंजीत नगर नियर महादेव बाबा का कुंआ अलवर थाना एनईवी अलवर जिला अलवर हाल पता पाइपलाइन चौक कुम्हार कालोनी गोविंद टाउन थाना लोनी बॉर्डर गाजियाबाद उम्र करीब 40 वर्ष ।
4. विनय कुमार पुत्र श्रवण कुमार निवासी पाइपलाइन चौक कुम्हार कालोनी गोविंद टाउन थाना लोनी बॉर्डर गाजियाबाद उम्र करीब 34 वर्ष ।

**बरामदगी का विवरण –**

चोरी की 01 मोटरसाइकिल व 02 मोटरसाइकिल के कटे हुए पुर्जे व पार्ट्स बरामद ।

**आपराधिक इतिहास/पंजीकृत अभियोग –**

अभियुक्त गौरव के विरुद्ध चोरी/बरामदगी का थाना गांधीनगर दिल्ली में 01 अभियोग तथा 01 अभियोग चोरी का थाना लोनी बॉर्डर पर पंजीकृत है, अभियुक्त सुरजीत उर्फ लम्बू के विरुद्ध चोरी/बरामदगी का थाना लिंक रोड पर 01 अभियोग तथा 01 अभियोग चोरी/बरामदगी का थाना लोनी बॉर्डर पर पंजीकृत है तथा अभियुक्तगण उपरोक्त के विरुद्ध थाना लोनी बॉर्डर पर चोरी/बरामदगी 01 अभियोग पंजीकृत किया गया है । अन्य आपराधिक इतिहास की जानकारी की जा रही है ।

**गिरफ्तार करने वाली टीम-**

थाना लोनी बॉर्डर पुलिस टीम ।

## सेवा, समर्पण व सर्वोच्च बलिदान के प्रतीक 'पुलिस स्मृति दिवस' पर अमर शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई।

दिनांक 21.10.2025 को रिजर्व पुलिस लाइन्स, गाजियाबाद स्थित शहीद स्मारक स्थल पर सेवा, समर्पण व सर्वोच्च बलिदान के प्रतीक **पुलिस स्मृति दिवस** के अवसर पर अमर शहीदों को विनम्र श्रृद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान श्रीमान पुलिस आयुक्त, गाजियाबाद द्वारा कर्तव्य पथ पर अपने प्राणों की आहुति देने वाले अमर शहीद पुलिसकर्मियों को नमन किया गया तथा श्रद्धा सुमन अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई।

सलामी गार्द द्वारा शहीद स्मारक पर सलामी दी गई। कार्यक्रम के दौरान अतिरिक्त पुलिस आयुक्त मुख्यालय/अपराध, अतिरिक्ति पुलिस आयुक्त कानून-व्यवस्था/यातायात, पुलिस उपायुक्त नगर, पुलिस उपायुक्त ट्रांस हिंडन, पुलिस उपायुक्त ग्रामीण, पुलिस उपायुक्त यातायात, 41/47 वाहिनी पीएसी के कमांडेंट, फायर सर्विस के अधिकारीगण/कर्मचारीगण एवं कमिश्नरेट गाजियाबाद के

अन्य अधिकारीगण/कर्मचारीगण उपस्थित रहे। सभी अधीकारीगणों/कर्मचारीगणों द्वारा शहीदों श्रृद्धांजलि अर्पित की गई।

**पुलिस स्मृति दिवस हर वर्ष 21 अक्टूबर को उन पुलिसकर्मियों की स्मृति में मनाया जाता है जिन्होंने देश की सेवा करते हुए अपने प्राणों की आहुति दी। इसका आरंभ 1959 में लद्दाख के हॉट स्प्रिंग्स में शहीद हुए 10 जवानों की याद में हुआ था।**

**"सेवा, समर्पण और सर्वोच्च बलिदान की भावना से ओतप्रोत हमारे शहीदों ने देश की सुरक्षा और कानून व्यवस्था की रक्षा हेतु अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया। उनका योगदान सदैव हमारे लिए प्रेरणा का स्रोत रहेगा।"**

**थाना लोनी बॉर्डर पुलिस टीम द्वारा चैकिंग के दौरान अवैध चरस की तस्करी करने वाले 02 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से 210 ग्राम अवैध चरस व कुल 14,32,500/- रुपये तथा घटना में प्रयुक्त एक कार बरामद।**

आज दिनांक 21.10.2025 को थाना लोनी बॉर्डर पुलिस टीम द्वारा चैकिंग के दौरान अवैध चरस की तस्करी करने वाले 02 अभियुक्त 1. इमरान पुत्र नन्हे खाँ निवासी ग्राम जलालनगर थाना बिसारतगंज जिला बरेली उम्र करीब 26 वर्ष 2. आसिफ पुत्र मुस्तजाफ खान निवासी जेजे कालोनी के ब्लाक न्यू सीलमपुर दिल्ली उम्र करीब 30 वर्ष को थाना क्षेत्र लोनी बॉर्डर से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त इमरान के कब्जे से 210 ग्राम अवैध चरस व 14,32,500/- रुपये बरामद हुए। उक्त बरादगी के आधार पर थाना लोनी बॉर्डर पर अभियुक्तगण के विरूद्ध अन्तर्गत धारा- 8/20/29 एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया। अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

**पूछताछ का विवरण–**

अभियुक्त इमरान ने पूछताछ करने पर बताया कि हम कुछ दिन पहले बरेली से अफीम खरीदकर लाये थे और ये पैसा हमने वही अफीम बेचकर कमाये हैं और उक्त बरामद चरस हमें पिन्टू ने दी थी, पिन्टू भी हमारे साथ रामअवतार व लालू निवासी बिनावर बदायूं के पास बरेली सैम्पल के तौर पर ले जा रहे थे। जहां पैसे व बरामद चरस रामअवतार व लालू को देनी थी। आज मैं गाडी चालक आसिफ व मेरा साथी पिन्टू इसी कार से माल को खरीदने के लिए रामअवतार व लालू के पास बरेली जा रहे थे और इन्ही रुपयों से हम अधिक माल रामअवतार व लालू से बरेली जाकर खरीदते कि पुलिस चैकिंग को देखकर पिंटू अचानक गाडी से उतरकर भाग गया और हमें आपने पकड लिया ।

**गिरफ्तार अभियुक्तगण का नाम व पता–**

1. इमरान पुत्र नन्हे खाँ निवासी ग्राम जलालनगर थाना बिसारतगंज जिला बरेली उम्र करीब 26 वर्ष।
2.आसिफ पुत्र मुस्तजाफ खान निवासी जेजे कालोनी के ब्लाक न्यू सीलमपुर दिल्ली उम्र करीब 30 वर्ष।

**वांछित अभियुक्तगण का विवरण-**

1.पिन्टू पुत्र नामालूम निवासी किराये का मकान नियर जामा मस्जिद न्यू सीलमपुर दिल्ली।
2.रामअवतार पुत्र नामालूम निवासी बिनावर जनपद बदायूं।

3.लालू पुत्र नामालूम निवासी बिनावर जनपद बदायूं।

**आपराधिक इतिहास/पंजीकृत अभियोग-**

अभियुक्तगण के विरुद्ध थाना लोनी बॉर्डर पर उपरोक्त प्रकरण के सम्बन्ध में 01 अभियोग पंजीकृत किया गया है। अन्य आपराधिक इतिहास की जानकारी की जा रही है।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-**

थाना लोनी बॉर्डर पुलिस टीम।